प्रेस विज्ञप्ति ।

विश्व हिंदू महासंघ, गोरखपुर एवं गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक द्वारा श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर, सुमेर सागर, गोरखपुर के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल जी ने विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष हिंदी में राजेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि महासंघ अनेक अवसरों पर रक्तदान करता रहता है। योगी आदित्यनाथ जी महाराज, माननीय मुख्यमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया जो अत्यंत ही सराहनीय कार्य है । सभी रक्तदाताओं को इसके लिए धन्यवाद है । रक्तदान महादान होता है इसलिए रक्तदाता महादानी हैं। वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ई. महेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा ने रक्तदान शिविर में बताया कि दिनांक 5 जून से 11 जून 2024 तक महंत योगी आदित्यनाथ जी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ की ओर से हिंदू स्वाभिमान सप्ताह मनाया जा रहा है । इसी क्रम में आज रक्तादान शिविर का आयोजन किया गया है अध्यक्ष दयानंद शर्मा जीने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया एवं तीन माह के अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया । रक्तदान शिविर में महासंघ की ओर से प्रमुख रूप से डिंपल शर्मा ,मधु शर्मा ,नीरज कुमार, विजय कुमार पासवान सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया।